भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

**राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र**

विज्ञापन संख्या : आरआरकेट-**1/2022**

ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि **17/05/2022**

**"सरकार इस प्रकार के कार्यबल के लिये प्रयत्नशील है जिससे लैंगिक संतुलन बना रहे और इसलिये महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है।"**

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र, इंदौर में पात्र अभ्यर्थियों से निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिये ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :

| **पद कोड** | **A-1** |
|---|---|
| पद का नाम | तकनीकी अधिकारी/डी |
| विधा | विनिर्माण अभियांत्रिकी |
| पद संख्या | 1 (अनारक्षित) |
| शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव | मैकेनिकल अभियांत्रिकी / इंडस्ट्रियल अभियांत्रिकी / उत्पादन अभियांत्रिकी / इंडस्ट्रियल एवं उत्पादन अभियांत्रिकी में न्यूनतम 60% अंकों के साथ बीई/बी टेक.<br>**अनुभव:** आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, अर्थात बीई/बी टेक प्राप्त करने के पश्चात; न्यूनतम 4 साल का संचयी व्यावहारिक व प्रासंगिक अनुभव।<br>किसी टूल-रूम से अथवा मध्यम या बड़े पैमाने पर विनिर्माण/उत्पादन उद्योग इत्यादि में, उत्पादन / विनिर्माण, मल्टी-एक्सिस सीएनसी मशीन सहित प्रेसिजन मशीनिंग, विनिर्माण प्रक्रिया योजना, फिक्सचर डिजाइनिंग, केड/ केम प्रवीणता व अन्य नवीनतम विनिर्माण सॉफ्टवेयर में दक्षता।<br>अथवा<br>विनिर्माण प्रौद्योगिकी/अभियांत्रिकी, प्रोडक्शन प्रौद्योगिकी/कंप्यूटर एडेड डिजाइन एंड विनिर्माण अभियांत्रिकी/प्रौद्योगिकी में न्यूनतम 60% अंकों के साथ एमई/एम टेक (बी.ई./बी.टेक के पश्चात)। |
| चयन प्रक्रिया | बहुत अधिक संख्या में आवेदन-पत्र प्राप्त होने पर एक स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको का उपयोग व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों के अनुवीक्षण के लिये किया जाएगा। अंतिम चयन व्यक्तिगत साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। |
| आयु | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 40 वर्ष से अधिक नहीं। |
| वेतन | ₹ 67,700/- (वेतन मेट्रीक्स के लेवल-11 में कोष्ठिका संख्या-1) के साथ केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों हेतु लागू यथादेय भत्ते। |
| कार्य की प्रकृति | अधिकारी मुख्य रूप से केड/ केम और अन्य प्रगत विनिर्माण सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए, आरआरकेट के वर्तमान और भविष्य के कार्यक्रमों के लिए, नवीन/प्रगत/ व जटिल घटकों के विनिर्माण आवश्यकताओं के अनुसार सटीक विनिर्माण विकास, कई-अक्षीय सीएनसी मशीनों का उपयोग कर उत्पादन में सम्मिलित होगा। साथ ही अधिकारी, कुशल एवं सटीक विनिर्माण के लिए ऑप्टिमाइजेशन, मशीनिंग/ जॉइनिंग फिक्सचर डिजाइन में भी संलिप्त होगा। अधिकारी कुशल विनिर्माण के लिए शॉप फ्लोर प्लानिंग गतिविधियों के लिए भी उत्तरदायी होगा। |

| **पद कोड** | **A-2** |
|---|---|
| पद का नाम | तकनीकी अधिकारी/डी |
| विधा | विद्युत |
| पद संख्या | 1 (अनारक्षित) |
| शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव | विद्युत अभियांत्रिकी में न्यूनतम 60% अंकों के साथ बीई/बी टेक तथा विद्युत ऊर्जा वितरण प्रणाली की स्थापना और/या रखरखाव में अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता यानी बीई/बी टेक प्राप्त करने के पश्चात न्यूनतम 4 साल का प्रासंगिक अनुभव<br>अथवा<br>विद्युत अभियांत्रिकी में न्यूनतम 60% अंकों के साथ एम.ई. / एम. टेक (बी.ई./बी.टेक के पश्चात) । |
| चयन प्रक्रिया | बहुत अधिक संख्या में आवेदन-पत्र प्राप्त होने पर एक स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जाएगी । लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको का उपयोग व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों के अनुवीक्षण के लिये किया जाएगा । अंतिम चयन व्यक्तिगत साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। |
| आयु | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 40 वर्ष से अधिक नहीं । |
| वेतन | ₹ 67,700/- (वेतन मेट्रीक्स के लेवल-11 में कोष्ठिका संख्या-1) के साथ केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों हेतु लागू यथादेय भत्ते । |
| कार्य की प्रकृति | विद्युत ऊर्जा वितरण प्रणाली की स्थापना और/या रखरखाव । |

| **पद कोड** | **B-1** |
|---|---|
| पद का नाम | नर्स/ए |
| पद संख्या | 1 (अजा के लिये आरक्षित) |
| शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव | 12वीं कक्षा तथा नर्सिंग एवं प्रसूति विद्या में डिप्लोमा (3 वर्षीय पाठ्यक्रम) + भारत में केंद्र / राज्य के नर्सिंग परिषद से नर्स के रुप में वैध पंजीकरण<br>अथवा<br>बी.एस.सी. (नर्सिंग)<br>अथवा<br>अस्पताल कार्यों में 3 वर्ष के अनुभव सहित नर्सिंग “ए” प्रमाणपत्र प्राप्त अथवा सशस्त्र बल में नर्सिंग सहायक वर्ग ׀׀׀ एवं इससे अधिक ऊँचे पद पर कार्य का अनुभव ।<br>[नर्सिंग में बी.एस.सी. डिग्री प्राप्त अभ्यर्थियों को भर्ती के समय दो अतिरिक्त वेतन वृद्धि (बिना आमेलन) देने पर विचार किया जायेगा ।] |
| चयन प्रक्रिया | चयन प्रक्रिया की परीक्षा तीन चरणों में ली जाएगी - चरण 1 व चरण 2 एवं चरण 3 ।<br>**चरण 1 - प्रारंभिक परीक्षा :**<br>अभ्यर्थियों की संक्षिप्त सूची (शॉर्ट लिस्ट) बनाने हेतु जांच (स्क्रीनिंग) परीक्षा आयोजित की जाएगी । प्रारंभिक परीक्षा का प्रारूप निम्नलिखित प्रकार का होगा :<br>1. परीक्षा में निम्नलिखित अनुपात में 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों का (चार उत्तरों का विकल्प) समावेश होगा जिसकी अवधि 1 घण्टा होगी :<br>गणित : 20 प्रश्न<br>विज्ञान : 20 प्रश्न<br>सामान्य जागरूकता : 10 प्रश्न<br>2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए ‘3’ अंक दिये जाएंगे एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ‘1’ अंक काट लिया जाएगा ।<br>3. चरण-1 की प्रारंभिक परीक्षा में न्यूनतम कट ऑफ 30% से नीचे नहीं होगा । |

| | |
|---|---|
| | **चरण 2 – प्रगत परीक्षा :**<br>1. चरण 1 में स्क्रीन-इन किए गए सभी अभ्यर्थियों को नर्सिंग ट्रेड में प्रगत परीक्षा देनी होगी।<br>2. परीक्षा में 50 बहु विकल्पीय प्रश्नों (चार उत्तरों का विकल्प) का समावेश होगा, जिसमें '3' अंक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दिये जाएंगे एवं '1' अंक प्रत्येक गलत उत्तर के लिये काट लिया जाएगा। परीक्षा की अवधि दो घण्टे होगी।<br>3. चरण-2 की प्रगत परीक्षा में न्यूनतम कट ऑफ 20% से नीचे नहीं होगा।<br>4. अभ्यर्थियों की योग्यता सूची सिर्फ चरण 2 में प्राप्त अंकों के आधार पर ही तैयार की जाएगी।<br>5. चरण-2 की प्रगत परीक्षा में समान अंक होने की दशा में योग्यता सूची में स्थान निर्धारित करने हेतु क्रमानुसार निम्नलिखित मापदण्डों को अपनाया जाएगा :<br>● चरण 2 में प्राप्त कम नकारात्मक अंक वाले अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।<br>● चरण 1 में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।<br>● चरण 1 में कम नकरात्मक प्राप्त अंक वाले अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।<br>● चरण 1 में गणित में अधिक सकारात्मक अंक प्राप्त अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।<br>● चरण 1 में विज्ञान में अधिक सकारात्मक अंक प्राप्त अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।<br>**[प्रारंभिक परीक्षा (चरण 1) एवं प्रगत (चरण 2) एक ही दिन आयोजित की जाएगी। ]**<br>**चरण 3 – कौशल परीक्षा :**<br>1. चरण 2 के पश्चात तैयार की गई योग्यता सूची के आधार पर, नर्सिंग ट्रेड में अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षण के लिये शॉर्ट-लिस्ट किया जाएगा।<br>2. कौशल परीक्षा के लिए शॉर्ट-लिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की संख्या चरण 2 में अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर होगी, लेकिन वह रिक्त पदों की संख्या के 4-5 गुना से अधिक नहीं होगी।<br>3. अभ्यर्थियों की अर्हता हेतु कौशल परीक्षा "Go/No-Go" आधार पर आयोजित की जाएगी।<br>4. कौशल परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम में शॉर्ट-लिस्ट एवं पेनलबद्ध उनके चरण 2 में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।<br><br>**अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा तथा कौशल परीक्षा में प्रश्नों का उत्तर हिन्दी या अंग्रेज़ी में देने का विकल्प होगा।** |
| आयु | आवेदन करने की अंतिम दिनांक को न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम 35 वर्ष |
| वेतन | ₹ 44,900/- (वेतन मेट्रीक्स के लेवल-7 में कोष्ठिका संख्या-1) के साथ केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों हेतु लागू यथादेय भत्ते। |
| कार्य की प्रकृति | ● रोगी को आपातकालीन सेवा प्रदान करना।<br>● मौखिक और इंजेक्शन दोनों तरह की औषधियों को देना।<br>● महत्वपूर्ण संकेतों जैसे टीपीआर रक्तचाप आदि का अवलोकन, रिकॉर्डिंग और रिपोर्टिंग करना।<br>● ओपीडी और चिकित्सा प्रक्रियाओं में चिकित्सकों की सहायता करना।<br>● ड्रेसिंग, कैथीटेराइजेशन, गैस्ट्रिक लवाज इत्यादि जैसी प्रक्रियाएं करना।<br>● कंप्यूटर में डाटा प्रविष्टि सहित उपयोग की जाने वाली मदों की सूची बनाए रखना। |

| **पद कोड** | **B-2** |
|---|---|
| पद का नाम | सब ऑफिसर/बी1 |
| पद संख्या | 2 (आर्थिक रुप से कमज़ोर वर्ग-1, अनारक्षित-1) |
| शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव | 50% अंको के साथ एच.एस.सी. (10+2) (रसायन विज्ञान सहित) अथवा समतुल्य + नेशनल फायर सर्विस कॉलेज से सब ऑफिसर का पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो + निम्न वर्णित (i) अथवा (ii)<br>(i) 12 वर्ष (लिडिंग फायरमेन के रुप में 5 वर्ष) का अनुभव हो जिसमें से कम से कम दो वर्षो का संबंधित अनुभव आपेक्षित योग्यता प्राप्त करने के बाद होना चाहिये।<br>OR<br>(ii) फायरमेन/चालक सह ऑपरेटर के रुप में 15 वर्षो का अनुभव हो जिसमें से कम से कम दो वर्षो का संबंधित अनुभव आपेक्षित योग्यता प्राप्त करने के बाद होना चाहिये।<br>[भारी वाहन चालन के वैध ड्राईविंग लाईसेंस धारक को वरियता दी जाएगी] |
| चयन प्रक्रिया | चयन प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न होगी - चरण 1 व चरण 2 एवं चरण 3।<br>**चरण-1 :** जो आवेदक मानकों को पूरा करते हैं उन्हें **टेबल-1** के अनुसार शारीरिक परीक्षण के लिये बुलाया जाएगा। जो आवेदक शारीरिक परीक्षण में योग्य पाए जाएंगे उन्हें **टेबल-2** के अनुसार शारीरिक क्षमता परीक्षण तथा वाहन चालन परीक्षण के लिये बुलाया जाएगा।<br>**चरण-2 :** जो आवेदक शारीरिक क्षमता परीक्षण तथा वाहन चालन परीक्षण में योग्य पाए जाएंगे उन्हें चरण-2 की प्रारंभिक परीक्षा के लिये बुलाया जाएगा। चरण-2 की प्रारंभिक परीक्षा आवेदकों को शॉर्टलिस्ट करने के लिये आयोजित की जाएगी।<br>i. प्रारंभिक परीक्षा 1 घण्टे की होगी तथा इसमें निम्नानुसार 50 बहुविकल्पीय (चार उत्तरों के विकल्प) प्रश्नों का समावेश होगा:<br>गाणित : 20 प्रश्न<br>विज्ञान : 20 प्रश्न<br>सामान्य ज्ञान : 10 प्रश्न<br>ii. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक दिए जाएंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिये 1 अंक काट लिया जाएगा।<br>iii. 40% से कम अंक प्राप्त करने वाले सभी अनारक्षित श्रेणी के आवेदकों को स्क्रीन आऊट किया जाएगा। आरक्षित श्रेणी के लिये न्यूनतम कट ऑफ 30% से कम नहीं होगा।<br>**चरण -3 :** चरण-2 में स्क्रिंड किये सभी आवेदकों को चरण-3 की प्रगत परीक्षा में शामिल होना होगा<br>i. प्रगत परीक्षा में कोर्स से संबंधित 50 बहुविकल्पीय (चार उत्तरों के विकल्प) प्रश्नों का समावेश होगा।<br>ii. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक दिए जाएंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिये 1 अंक काट लिया जाएगा। परीक्षा की अवधि 2 घण्टे होगी।<br>iii. 30% से कम अंक प्राप्त करने वाले सभी अनारक्षित श्रेणी के आवेदकों को स्क्रीन आऊट किया जाएगा। आरक्षित श्रेणी के लिये न्यूनतम कट ऑफ 20% से कम नहीं होगा।<br>iv. अंतिम चयन चरण-3 की प्रगत परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर किया जाएगा।<br>v. चरण-3 की प्रगत परीक्षा में समान अंक होने की दशा में योग्यता सूची में स्थान निर्धारित करने हेतु क्रमानुसार निम्नलिखित मापदण्डों को अपनाया जाएगा :<br>● चरण 3 में प्राप्त कम नकारात्मक अंक वाले अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा। |

| | |
|---|---|
| | ● चरण 2 में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा। <br> ● चरण 2 में कम नकरात्मक प्राप्त अंक वाले अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा। <br> ● चरण 2 में गणित में अधिक सकारात्मक अंक प्राप्त अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा। <br> ● चरण 2 में विज्ञान में अधिक सकारात्मक अंक प्राप्त अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा। <br> **चरण-2 एवं चरण-3 की परीक्षा का आयोजन एक ही दिन किया जाएगा।** |
| आयु | आवेदन करने की अंतिम दिनांक को न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम 40 वर्ष। <br> आवेदकों को अग्निशमन के क्षेत्र में अनुभव के आधार पर आयु में उतनी ही छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट अधिकतम पांच वर्ष की रहेगी। |
| वेतन | ₹ 35,400/- (वेतन मेट्रीक्स के लेवल-6 में कोष्ठिका संख्या-1) के साथ केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों हेतु लागू यथादेय भत्ते। |
| कार्य की प्रकृति | ● वह रात-दिन की पाली में कार्य करेगा और अग्नि नियंत्रण कक्ष का प्रभार संभालेगा तथा दमकल नियंत्रण कक्ष को सुचारू रूप से चलाने के लिए उत्तरदायी होगा। <br> ● रात-दिन की पाली में आग लगने संबंधी आपात स्थिति और विशेष सेवा कॉल (बुलावे) में भाग लेना। प्रमुख अग्नि उपकरणों का संचालन तथा प्रचालन, लॉग बुक का रखरखाव। <br> ● अग्निशमन उपकरणों, प्राथमिक चिकित्सा अग्निशमन उपकरणों, अग्नि संचार प्रणालियों, उपस्थिति रोल, घटना पुस्तिका का रखरखाव और आवधिक परीक्षण, सभी परेड, अग्नि ड्रिल अभ्यास आदि में भाग लेगा। <br> ● वह सभी अग्निशमन और बचाव कॉल्स में भाग लेगा। <br> ● वह अनुसूची के अनुसार अग्निशमन अभ्यास आयोजित करने के लिए उत्तरदायी होगा। <br> ● वह सभी प्रकार के अग्निशमन उपकरणों के उचित रखरखाव और परीक्षण के लिए उत्तरदायी होगा। <br> • वह अग्निशमन नियंत्रण कक्ष के सभी संबंधित अभिलेखों को संधारित करने के लिए उत्तरदायी होगा। |

**पद कोड B-2 के लिये टेबल – 1 :**

1. कोई शारीरिक विकृति नहीं
2. ऊँचाई : 165 से.मी. (न्यूनतम)
3. वजन : 50 किग्रा (न्यूनतम)
4. सीना : 81 से.मी. (न्यूनतम) तथा न्यूनतम 86 से.मी. (फुलाकर)
5. दृष्टि : 6/6, बिना चश्मा या अन्य किसी की सहायता से। रतौंधी को अयोग्यता माना जाएगा।

**पद कोड B-2 के लिये टेबल – 2 :**

| क्रं | परीक्षा का विवरण | 40 वर्ष तक | 40-45 वर्ष के मध्य | 45-50 वर्ष के मध्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अभ्यर्थी 100 मीटर दौड़ने में सक्षम होना चाहिए | 25 सेकंड | 28 सेकंड | 30 सेकंड |
| 2 | अभ्यर्थी को प्रत्येक 15 मीटर लंबे 4 होजेज को उपकरण से बिछाने में सक्षम होना चाहिए | 3 मिनट | 4 मिनट | 5 मिनट |
| | | 3 मिनट में-10 अंक | 4 मिनट में-10 अंक | 5 मिनट में -10 अंक |
| | | 3-4 मिनट के मध्य– 8 अंक | 4-5 मिनट के मध्य– 8 अंक | 5-6 मिनट के मध्य– 8 अंक |
| | | 4-5 मिनट के मध्य – 6 अंक | 5-6 मिनट के मध्य– 6 अंक | 6-7 मिनट के मध्य– 6 अंक |
| | | 5 मिनट से अधिक- कोई अंक नहीं | 6 मिनट से अधिक- कोई अंक नहीं | 7 मिनट से अधिक- कोई अंक नहीं |
| 3 | 10 मीटर लंबाई की सीढ़ी पर दो बार चढ़ने एवं उतरने में सक्षम होना चाहिए | 2 मिनट | 3 मिनट | 4 मिनट |
| | | 2 मिनट में-10 अंक | 3 मिनट में-10 अंक | 4 मिनट में-10 अंक |
| | | 2-3 मिनट के मध्य– 8 अंक | 3-4 मिनट के मध्य– 8 अंक | 4-5 मिनट के मध्य– 8 अंक |
| | | 3-4 मिनट के मध्य– 6 अंक | 4-5 मिनट के मध्य– 6 अंक | 5-6 मिनट के मध्य– 6 अंक |
| | | 4 मिनट से अधिक– कोई अंक नहीं | 5 मिनट से अधिक– कोई अंक नहीं | 6 मिनट से अधिक– कोई अंक नहीं |
| 4 | अभ्यर्थी को लगभग अपने वजन के व्यक्ति को फायरमैन लिफ्ट पद्धति द्वारा उठा कर 25 मीटर से अधिक ले जाने में सक्षम होना चाहिए | 3 मिनट | 4 मिनट | 5 मिनट |
| | | 3 मिनट में-10 अंक | 4 मिनट में-10 अंक | 5 मिनट में-10 अंक |
| | | 3-4 मिनट के मध्य– 8 अंक | 4-5 मिनट के मध्य– 8 अंक | 5-6 मिनट के मध्य– 8 अंक |
| | | 4-5 मिनट के मध्य – 6 अंक | 5-6 मिनट के मध्य– 6 अंक | 6-7 मिनट के मध्य– 6 अंक |
| | | 5 मिनट से अधिक– कोई अंक नहीं | 6 मिनट से अधिक–कोई अंक नहीं | 7 मिनट से अधिक– कोई अंक नहीं |
| 5 | पुश अप्स करने में सक्षम होना चाहिए | लगातार 20 पुशअप – 10 अंक | लगातार 15 पुशअप– 10 अंक | लगातार 12 पुशअप– 10 अंक |
| | | (कम संख्या के लिए समानुपात में) | (कम संख्या के लिए समानुपात में) | (कम संख्या के लिए समानुपात में) |
| 6 | 1.6 किमी. दौड़ने में सक्षम होना चाहिए | 10 मिनट | 12 मिनट | 14 मिनट |
| | | 10 मिनट में-10 अंक | में 12 मिनट-10 अंक | 14 मिनट में-10 अंक |
| | | 10-11 मिनट के मध्य– 8 अंक | 12-13 मिनट के मध्य– 8 अंक | 14-15 मिनट के मध्य– 8 अंक |
| | | 11-12 मिनट के मध्य– 6 अंक | 13-14 मिनट के मध्य– 6 अंक | 15-16 मिनट के मध्य– 6 अंक |
| | | 12 मिनट से अधिक– कोई अंक नहीं | 14 मिनट से अधिक–कोई अंक नहीं | 16 मिनट से अधिक–कोई अंक नहीं |
| 7 | रस्सी/ खड़े पाइप पर चढ़ना | 3 मीटर | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | | 3 मीटर – 10 अंक | | |
| | | 2.5-3 मीटर के मध्य- 8 अंक | | |
| | | 2-2.5 मीटर के मध्य- 6 अंक | | |
| | | 2 मीटर से कम– कोई अंक नहीं | | |

## सामान्य अनुदेश

**क.** शैक्षणिक / तकनीकी योग्यताएं केन्द्र या राज्य सरकार के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / तकनीकी शिक्षा बोर्ड से प्राप्त होनी चाहिए।

**ख.** यदि विश्वविद्यालय में लेटर ग्रेड / सीजीपीए / ओजीपीए प्रदान की जाती है, तो उसे विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार्य मापदण्डों के अनुसार अंकों के प्रतिशत के समतुल्य इंगित किया जाना चाहिए। ऐसा न पाया गया तो अभ्यर्थी के बारे में विचार नहीं किया जाएगा।

**ग.** (1) दिव्यांग अभ्यर्थियों (2) भूतपूर्व सैनिक, (3) विभागीय अभ्यर्थी (केंद्र सरकार के असैनिक कर्मचारी), (4) 1984 के दंगो में मारे गये लोगों के परिवार के सदस्यों, (5) 01.01.1080 से 31.12.1989 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर के अधिवासी (6) विधवा, तलाकशुदा तथा विधवा, तलाकशुदा एवं न्यायिक रूप से अपने पति से अलग हो चुकी महिलाओं और जिन्होंने फिर से विवाह नहीं किया है; को सरकारी विद्यमान नियमों के अनुसार आयु में छुट प्रदान की जाएगी।

**घ.** आर्थिक रुप से कमज़ोर वर्ग की परिभाषा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 31/01/2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019-Estt (Res) के अनुसार रहेगी। (विवरण के लिये लिंक पर क्लिक करें)

**ङ.** केवल मेट्रीकुलेशन प्रमाण-पत्र / नगर पालिका / निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र में लिखित जन्मतिथि ही स्वीकार की जाएगी। बाद में जन्मतिथि में परिवर्तन का कोई भी निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**च.** आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे विज्ञापन में दि गई आवश्यक मापदण्डों को पूरा करते हैं। अभ्यर्थियों को सही जानकारी देना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को उनके द्वारा आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर ही लिखित परीक्षा में सम्मिलित किया जाएगा। यदि बाद में अन्य किसी चरण स्तर यह पता चलता है कि अभ्यर्थी द्वारा दी गई जानकारी गलत है या अभ्यर्थी आवश्यक मापदण्डों को पूरा नहीं करता है तो उसकी उमीदवारी निरस्त कर दी जाएगी एवं कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**छ.** विज्ञापन में दर्शाए गए रिक्त पद सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से ही भरे जाएंगे और यदि निर्णय लिया गया तो समय-समय पर जारी सरकारी आदेशों के अनुसार पद नही भी भरे जा सकते हैं।

**ज.** विज्ञापन में नियत पात्रता मानकों जिसमें अनुभव की अवधि भी शामिल है, का निर्धारण आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक के संदर्भ में किया जाएगा।

**झ.** आरआरकेट, इन्दौर बिना सूचित किए अथवा बिना कोई कारण बताए पद भरने / रद्द करने / प्रतिबंधित करने / संशोधन करने / पूरी भर्ती प्रक्रिया परिवर्तित करने का पूरा अधिकार सुरक्षित रखता है।

**ञ.** इस विज्ञापन के तहत चयनित अभ्यर्थियों को सामान्यत: आरआरकेट, इन्दौर में तैनात किया जाएगा लेकिन उन्हें परमाणु ऊर्जा विभाग की भारत के किसी भी भाग में स्थित किसी भी संघटक इकाई में सेवा देने को तत्पर रहना होगा।

**ट.** जो अभ्यर्थी आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक तक अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता / तकनीकी योग्यता / अनुभव प्राप्त नहीं कर पाते हैं / नहीं करेंगे तो वे पात्र नहीं है, अत: उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

**ठ.** अभ्यर्थियों से अनुरोध किया जाता है कि वे हमारी वेबसाईट <http:/rrcat.gov.in/hrd/Openings/Current_Openings.html> का लगातार अवलोकन करते रहें ताकि उन्हे इस विज्ञापन से संबंधित जानकारी मिलती रहे।

**ड.** लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षण/ साक्षात्कार का आयोजन आरआरकेट, इन्दौर में ही किया जाएगा।

**ढ.** **यात्रा भत्ता :**

**पद कोड- A-1 तथा A-2 के लिये :** लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बाहर से आए अभ्यर्थियों को लघुत्तम मार्ग से द्वितीय श्रेणी रेल किराए का भुगतान (टिकट प्रस्तुत करने पर) यात्रा भत्ता (TA) के रूप में नियमानुसार किया जाएगा। यदि रियायती टिकट उपलब्ध हैं, तो प्रतिपूर्ति केवल रियायती किराए तक ही सीमित होगी।

**पद कोड- B-1 तथा B-2 के लिये :** शारीरिक परीक्षण / लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षण के लिए बाहर से आए समस्त अजा/अजजा अभ्यर्थियों को लघुत्तम मार्ग से द्वितीय श्रेणी रेल किराए का भुगतान (टिकट प्रस्तुत करने पर) यात्रा भत्ता (TA) के रूप में नियमानुसार किया जाएगा। यदि रियायती टिकट उपलब्ध हैं, तो प्रतिपूर्ति केवल रियायती किराए तक ही सीमित होगी।

तथापि, लिखित परीक्षा / साक्षात्कार/कौशल परीक्षण / शारीरिक परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी जो पहले से ही केंद्र/राज्य सरकार सेवा, केंद्र/राज्य सरकार निगम, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्तशासी निकाय, स्थानीय सरकारी संस्थान, पंचायत में कार्यरत हैं और रेलवे से इस यात्रा संबंधी रियायत ले चुके हैं वे इस यात्रा-भत्ता के पात्र नहीं होगें।

भूत पूर्व सैनिक यात्रा भत्ता के लिये पात्र नहीं होंगे।

**ण.** अभ्यर्थी को इंदौर में साक्षात्कार, चरण-1 (प्रारंभिक परीक्षा), चरण-2 (प्रगत परीक्षा) तथा चरण-3 (कौशल परीक्षण) के लिये कम से कम दो दिन ठहरने की व्यवस्था के साथ आना होगा। ठहरने हेतु किसी भी निवेदन को इस केंद्र द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**त.** सामान्य वेतन तथा नियमों के तहत लागू भत्तों के अतिरिक्त, परमाणु ऊर्जा विभाग के कर्मचारी निम्नलिखित के लिये पात्र हैं :

- उत्साहजनक कार्य का वातावरण।
- पऊवि की योग्यता पदोन्नति योजना के अंतर्गत उच्च ग्रेडों में पदोन्नति।
- स्वयं तथा परिवार के सदस्यों के लिये स्वास्थ्य सुविधा।
- आकर्षक कार्यनिष्पादन संबंधी प्रोत्साहन।
- आकर्षक व्यावसायिक उन्नयन भत्ता।
- स्वयं एवं परिवार के लिये छुट्टी यात्रा रियायत।
- शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति तथा भारत सरकार के आदेशों के अनुसार विभागीय आवास का आबंटन।

**थ.** चयनीत अभ्यर्थी वित्त मंत्रालय की दिनांक 22/12/2003 की अधिसूचना संख्या 5/7/2003-ECB&PR के द्वारा दिनांक 01/01/2004 से लागू राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से शासित होंगे।

**द.** अजा/अजजा/अपिव/ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थी आवेदन में इसे स्पष्ट रुप से इंगित करें (चाहे वे अनारक्षित पद हेतु आवेदन कर रहे हों) और लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा/ साक्षात्कार (यथा लागू) के समय निर्धारित प्रारुप में तत् संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें, ऐसा न होने पर उन्हें अनारक्षित माना जाएगा और बाद में जाति की स्थिति के परिवर्तन हेतु किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

**ध.** महाराष्ट्र राज्य के अजा/अजजा/अपिव अभ्यर्थी दिनांक 23/05/2001 के महाराष्ट्र सरकार के राजपत्र में प्रकाशित महाराष्ट्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, वि-अधिसूचित जनजाति (विमुक्त जाति), यायावर जनजाति (नोमॅडिक ट्राइब्स), अन्य पिछड़े वर्ग और विशेष पिछड़े वर्ग (जारी एवं सत्यापन नियमन) जाति प्रमाण पत्र अधिनियम, 2000 (जारी एवं सत्यापन नियमन) के अनुसार जांच/ छानबीन समिति से वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

**न.** अपिव के अभ्यर्थियों का जाति प्रमाण पत्र गैर नवोन्नत वर्ग प्रमाण पत्र के साथ केंद्र सरकार के निर्धारित प्रारूप में प्राधिकारी द्वारा जारी किया होना चाहिये और उस जाति समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग जाति की केंद्रीय सूचियों में शामिल किया गया हो। अन्य पिछड़ा वर्ग जाति गैर नवोन्नत वर्ग प्रमाण पत्र निर्धारित करने की निर्णायक तारीख ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम दिनांक होगी।

**ऩ.** अजा/अजजा/अपिव/ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी की नियुक्ति पूरी तरह अनन्तिम होगी तथा इसकी पुष्टि अजा/अजजा/अपिव/ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के प्रमाण पत्र के सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापन पर निर्भर है। यदि सत्यापन से यह पता चलता है कि अजा/अजजा/अपिव/ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का दावा गलत है तो बिना कोई कारण बताए सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी। यह कार्यवाई भारतीय दण्ड संहिता में गलत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए की जाने वाली कार्यवाई के अतिरिक्त होगी।

**प.** ऐसी महिला अभ्यर्थी जो आपेक्षित योग्यताओं को पूरा करती है, को विज्ञापन के तहत आवेदन करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है। साथ ही महिला कर्मचारियों को उपलब्ध विशिष्ट लाभों को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट <persmin.nic.in> में देखा जा सकता है।

**फ.** दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिये महत्वपूर्ण आवश्यकता

(1) केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण तथा पूर्ण प्रतिभागिता) अधिनियम, 1996 दिनांक 31/12/1996 को अधिसूचित दिव्यांग (समान अवसर, अधिकार संरक्षण तथा पूर्ण प्रतिभागिता)

नियमावली, 1995 (1996 के 1) की धारा 73 की उपधारा (1) व (2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा विधिवत गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। केंद्र / राज्य सरकार द्वारा कम से कम तीन सदस्यों का मेडिकल बोर्ड गठित किया जाए जिसमें से एक सदस्य संबंधित क्षेत्र का विशेषज्ञ हो।

(2) जिनकी दिव्यांगता अस्थायी है, उनके लिये उनके द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र पांच वर्ष की अवधि तक मान्य रहेगा। चिकित्सा बोर्ड से जारी प्रमाण पत्र में वैधता की अवधि इंगित होना चाहिए जहाँ दिव्यांगता की मात्रा में भिन्नता की संभावना हो। वे व्यक्ति जिनकी दिव्यांगता स्थायी है, उनके प्रमाण पत्र स्थायी रुप से वैध हो सकते हैं। आवेदक द्वारा अभ्यावेदन किये जाने पर, चिकित्सा बोर्ड मामले के सभी तथ्यों एवं परिस्थितियों से संबंधित अपने निर्णय की समीक्षा कर सकता है और उस मामले में जैसे सही लगे वैसे आदेश पारित कर सकता है।

(3) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़े वर्ग के दिव्यांग व्यक्ति जिनका चयन बिना किसी छूट के उनकी योग्यता के बल पर अन्य अभ्यर्थियों के साथ हुआ है, उन्हें अनारक्षित रिक्तियों में माना जाएगा बशर्ते कि वह पद दिव्यांग व्यक्ति से संबंधित श्रेणी में आता है। (यथा लागू)।

## आवेदन कैसे करें

(i) केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

(ii) ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक **17/05/2022** है।

(iii) अभ्यर्थी अपने आवेदन ऑन-लाइन प्रस्तुत करने हेतु http:/rrcat.gov.in/hrd/Openings/Current_Openings.html वेबसाईट का अवलोकन करें।

(iv) अभ्यर्थियों के पास वैध ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नम्बर होना चाहिए, जो कि संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रहना चाहिए। स्क्रिंड-इन अभ्यर्थियों को शारीरिक लिखित परीक्षा / साक्षात्कार / कौशल परीक्षण (जैसा भी लागू हो) हेतु बुलावा पत्र केवल पंजीकृत ई-मेल आईडी पर ही भेजा जाएगा।

(v) वेबसाइट पर उपयोगकर्ता निर्देशिका उपलब्ध है, जिसमें वांछित दस्तावेजों को अपलोड करने संबंधी विवरण स्पष्ट तौर पर समझाया गया है। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व आवेदक उपयोगकर्ता निर्देशिका को पूरी तरह पढ़ लेवें।

(vi) ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने में होने वाली किसी भी विसंगति के लिये आरआरकेट जिम्मेदार नहीं रहेगा। अत: आवेदकों को यह सलाह दी जाती है कि वे अनुदेशों एवं उपयोगकर्ता निर्देशिका का सख्ती से पालन करें।

(vii) आवेदन पत्र अपलोड / प्रस्तुत करने से पूर्व अभ्यर्थियों को इस पद के लिए अपनी पात्रता के प्रति सजग एवं आश्वस्त होना चाहिए। आवेदन पत्र से संबद्ध किसी भी कॉलम को खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

(viii) एक पद के लिये एक ही आवेदन जमा किया जाना चाहिए। यदि अभ्यर्थी एक से अधिक पद के लिये आवेदन करना चाहता है, प्रत्येक पद के लिये अलग आवेदन करना चाहिये।

(ix) परीक्षा के लिए जारी प्रवेश पत्र नियुक्ति के लिए कोई अधिकार न समझा जाए। नियुक्ति पूरी तरह से सभी पात्रता शर्तों की पूर्ति के अधीन होगी।

(x) अभ्यर्थी के पास ऑनलाईन आवेदन की अंतिम दिनांक को आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव अवश्य रुप से होना चाहिये ।

(xi) अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि उन्हें अंतिम दिनांक का इंतज़ार किए बिना, समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए ।

(xii) केन्द्र / राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / स्वायत्तशासी निकाय इत्यादि में कार्यरत अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा / ट्रेड टेस्ट / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार जो भी लागू हो, में शामिल होने के समय अपने नियोक्ता द्वारा जारी "अनापत्ति प्रमाण-पत्र'' प्रस्तुत करना होगा; ऐसा न करने पर उन्हें लिखित परीक्षा / ट्रेड टेस्ट / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार जो भी लागू हो, में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(xiii) अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन करते समय निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रुप से अपलोड करना होगा :

क. हाल ही में खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो

ख. हस्ताक्षर

ग. आयु संबंधी प्रमाण पत्र (मेट्रीकुलेशन प्रमाण-पत्र / म्यूनिसिपल जन्म प्रमाण-पत्र)

घ. शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता

ङ. अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)

च. जाति / वर्ग प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) [आरआरकेट की वेबसाईट पर प्रारुप उपलब्ध है]

छ. दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो) [आरआरकेट की वेबसाईट पर प्रारुप उपलब्ध है]

ज. जम्मू-कश्मीर संभाग में 01.01.1980 से 31.12.1989 तक अधिवासी होने सबंधी प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)

झ. 1984 के दंगों में प्रभावित होने संबंधी प्रमाण (यदि लागू हो)

ञ. अन्य कोई संबद्ध प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)

(xiv) अभ्यर्थियों को उक्त दस्तावेजों की मूल प्रति तथा प्रत्येक की एक-एक स्वप्रमाणित प्रति लिखित परीक्षा / ट्रेड टेस्ट / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार जो भी लागू हो, के समय पर प्रस्तुत करना होगा । ऐसा नहीं करने पर उन्हें लिखित परीक्षा / ट्रेड टेस्ट / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार जो भी लागू हो, में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

**अचयनित उम्मीदवारों के रिकार्ड, चयन सूची तैयार करने की तिथि से 6 माह के बाद नहीं रखे जाएंगे ।**

**किसी भी प्रकार कि सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा ।**

********